# उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)

**मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ–226008**

ई–मेल : **hajcommittee.up@gmail.com**, **shcuplko@rediffmail.com**

वेबसाइट: **hajcommittee.up.gov.in**

पत्रांक : जी–।।/1398/एस0एच0सी/2025 दिनांक : 05.12.2025

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई द्वारा सर्कुलर–22 दिनांक 05.12.2025 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि महरम कोटे की महिलाओं हेतु भारतवर्ष से 500 सीटों का चयन हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा दिनांक 04.12.2025 को हज हाउस मुम्बई में डिजिटल रैण्डम सेलेक्शन (ऑनलाइन लॉटरी) द्वारा किया गया है।

सर्कुलर–16 दिनांक 13.10.2025 के माध्यम से ऐसी महिलाएं जो अपने महरम के साथ किन्हीं कारणवश जैसे पासपोर्ट समय से जारी न हो पाने आदि अन्य कारणों से आवेदन नहीं कर सकी थीं ऐसी महिलाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन दिनांक 31.10.2025 तक मांगे गये थे।

निर्धारित समय में पूरे भारतवर्ष से कुल 957 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें स्क्रूटिनी उपरान्त 881 सही पाये गये जिनका डिजिटल रैण्डम सेलेक्शन (ऑनलाइन लॉटरी) की गयी जिसमें 500 सीटों का चयन हुआ। उत्तर प्रदेश से कुल 71 सीटें चयनित हुई हैं व 62 सीटों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। चयनित महिलाओं के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश निम्नवत हैं :–

1. प्रत्येक चयनित हज यात्री को प्रथम व द्वितीय किस्त (रु1,52,300+रु1,25,000) कुल धनराशि रु2,77,300.00 जमा करने के निर्देश दिये गये हैं।
2. धनराशि जमा करने की अन्तिम तिथि 15.12.2025 निर्धारित की गयी है।
3. धनराशि ऑनलाइन वेबसाइट https://.hajcommittee.gov.in व **हज सुविधा एप** पर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा की जा सकती है। धनराशि हज कमेटी आफ इण्डिया के स्टेट बैंक आफ इण्डिया व यूनियन बैंक आफ इण्डिया के खाते में भी जमा की जा सकती है, पे–इन–स्लिप वेबसाइट https://.hajcommittee.gov.in पर उपलब्ध है जिसे डाउनलोड कर कवर नम्बर व कवर हेड का बैंक रेफरेंस नम्बर अंकित कर धनराशि जमा करना होगा।
4. धनराशि जमा करने उपरान्त आवेदक को जमा रसीद/पे–इन–स्लिप हस्ताक्षरित हज आवेदन फार्म, घोषणा पत्र, अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट हेतु घोषणा पत्र, मेडिकल स्क्रीनिंग एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट (निर्धारित प्रारुप पर वेबसाइट पर उपलब्ध है) हज कमेटी आफ इण्डिया के पोर्टल पर अपने लॉग–इन आई0डी0 से अपलोड करना है अथवा कार्यालय उ0प्र0 राज्य हज समिति, मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ–226008 पर डाक अथवा दस्ती दिनांक 20.12.2025 तक जमा करना अनिवार्य है।

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री अल्पसख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एव हज, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री अल्पसख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
3. मा0 अध्यक्ष/मा0 सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
4. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
5. समस्त जिला अल्पसख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।
6. समस्त ई–सुविधा केन्द्र व प्रशिक्षक, समस्त जनपद, उ0प्र0।
7. सूचना अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0।

Digitally signed by
Sheo Prakash Tiwari
Date: 05-12-2025
17:18:06

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी